SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 06 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 218

## महत्वपूर्ण एवं खास

### इस्कॉन के गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन, सिनर्जी अस्पताल में ली अंतिम सांस

**देहरादून (आरएनएस)।** देहरादून के सिनर्जी अस्पताल में रविवार को इस्कॉन के गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उन्हें चोट लगी थी। उनका तीन दिनों से सिनर्जी अस्पताल में इलाज चल रहा था। भक्त उनके आखिरी दर्शन दिल्ली के इस्कॉन मंदिर में कर सकेंगे। सोमवार को उनकी देह को वृंदावन ले जाया जाएगा। इसका समय अभी तय नहीं हुआ है।

### बिजनौर में चलती कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**बिजनौर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में एक चलती कार में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कार को पूरी तरह से अपने चपेट में ले लिया और पलभर में कार जलकर राख हो गई। दरअसल, कार चालक अफजलगढ़ से धामपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान आग लगते ही चालक ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। आनन-फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे धामपुर इलाके में प्राइवेट बस स्टैंड के पास अफजलगढ़ से धामपुर की तरफ जा रही वैगनआर कार में आग लगी थी। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### ट्रिपल मर्डर से मचा हड़कंप, देवर ने चाकू से गला रेतकर की भाभी और दो भतीजियों की हत्या

**रीवा (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक युवक ने आपसी विवाद में भाभी और उसकी दो बेटियों की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के ईदगाह के करीब हसीना खान अपने बच्चों और सास-ससुर के साथ रहती थी। परिवार में दो देवर भी हैं। हसीना का पति विशाखापट्टनम में मजदूरी करता है। शनिवार की देर शाम परिवार के अन्य सदस्य किसी समारोह में हिस्सा लेने बाहर गए थे तभी हसीना का अपने छोटे देवर शाहबाज से किसी बात पर विवाद हो गया। उसने लोहे की रॉड से हसीना के सिर पर हमला किया और चाकू से गले को रेंत दिया। उसके बाद हसीना की दो और तीन साल की मासूम बेटियों की भी हत्या कर दी। आरोपी ने तीनों की हत्या के बाद बच्चियों के शवों को बोरी में भरा और उसे गोविंदगढ़ तालाब में ले जाकर फेंक दिया। हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर भी जांच कराई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

### विधायक एवं नागौर लोकसभा सीट के प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल पर धारा 144 कर उल्लंघन करने पर केस दर्ज, सीआईडी सीबी करेगी जांच

**नागौर (आरएनएस)।** लोकसभा चुनावों में नागौर से इंडिया गठबंधन में राष्ट्रीय लोकतंत्र पार्टी (रालोपा) प्रमुख एवं खींवसर विधायक हनुमान बेनीवाल के खिलाफ कुचेरा थाने में केस दर्ज किया गया है। यह केस नागौर से ही बीजेपी प्रत्याशी डॉ. ज्योति मिर्धा की रिपोर्ट के बाद दर्ज किया गया है। मामले की जांच अब सीआईडी सीबी करेगी। लोकसभा चुनाव के मतदान वाले दिन शाम को हनुमान बेनीवाल ने समर्थकों के साथ विवाद को लेकर कुचेरा में घेराव व सभा की थी। इस संबंध में भाजपा प्रत्याशी डॉ. ज्योति मिर्धा ने आचार संहिता के दौरान लागू धारा 144 के उल्लंघन को लेकर चुनाव पर्यवेक्षक रिपुदमन सिंह ढिल्लो को शिकायत की थी। शिकायत में बताया था कि रालोपा प्रत्याशी बेनीवाल ने बिना अनुमति के कुचेरा बस स्टैंड पर सभा की थी। दो पक्षों में विवाद के बाद यह सभा की गई थी। मामले की जांच के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार पुरोहित के निर्देश पर कुचेरा थानाधिकारी मुकेश कुमार ने मुकदमा दर्ज करवाया है। कुचेरा के कसनाऊ रोड निवासी कैलाश मिर्धा ने भी धारा 144 के उल्लंघन की शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की थी।

# कोविशिल्ड वैक्सीन के साइड इफेक्ट को लेकर सियासत जारी, विशेषज्ञों ने कहा, घबराने की जरूरत नहीं

**देहरादून | आरएनएस**

कोविशिल्ड वैक्सीन के साइड इफेक्ट को लेकर कुछ दिनों से सियासत जारी है। विपक्ष सवाल उठा रहा है, तो वहीं सत्ता पक्ष सवालों का मुस्तैदी से जवाब देने में जुटा है। इस बीच विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों से न घबराने की अपील की है।

यूके की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार लंदन के कोर्ट में स्वीकार किया है कि कोरोना वायरस के खिलाफ लगने वाली उसकी वैक्सीन से दुर्लभ मामलों में गंभीर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसके बाद इस पर सियासत तेज हो गई है। राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञ मानते हैं कि इस वैक्सीन के फायदे ज्यादा हैं और नुकसान बेहद कम हैं। इसलिए कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। वैक्सीन सेफ है और जिसको साइड इफेक्ट होने थे, वो वैक्सीनेशन के बाद ही हो गए होंगे।विशेषज्ञों ने कहा है कि कोविशील्ड को लेकर आ रही खबरों से घबराने की जरूरत नहीं है।

कार्डियोलाजिस्ट डॉ. एसडी जोशी ने कहा कि कोविड की वैक्सीन लगने के एक से छह हफ्ते के बाद साइड इफेक्ट आ जाते हैं। लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। अब तक 230 करोड़ वैक्सीन की डोज देश में लग चुकी है। यदि साइड इफेक्ट होते तो, अब तक आधे से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो गई होती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, इसलिए घरबराएं नहीं। वहीं न्यूरोसर्जन डॉ. महेश कुडियाल ने भी कहा कि वैक्सीन को लेकर पैनिक होने की जरूरत नहीं है।



कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि ब्रिटेन की अदालत में हलफनामा देकर सीरम कंपनी ने स्वीकार किया है उनकी वैक्सीन के कारण हार्ट अटैक, ब्रेन हैमरेज व ब्लड क्लॉटिंग की आशंका है। देश में करोड़ों लोगों को कोविशिल्ड वैक्सीन लगी है। इससे हर शख्स के मन में भय है। वहीं बीजेपी के प्रदेश मीडिया मनवीर चौहान ने कहा कि करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करने वाली वैक्सीन के खिलाफ, जिस तरह से कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है, वो किसी एजेंडा का हिस्सा है। देश में वैक्सीन ने करोड़ों लोगों की जान बचाई। उस समय भी विपक्षी दलों ने सवाल उठाए थे। मोदी वैक्सीन कह कर इसका दुष्प्रचार किया गया। बाद ने उन्होंने खुद भी वैक्सीन लगवाई। भारत में निर्मित वैक्सीन का पूरी दुनिया ने लाभ उठाया। लेकिन आज देश में चुनावी माहौल के दौरान दुष्प्रचार कर जनता को भ्रमित किया जा रहा है।

### एक्सपर्ट्स का खुलासा : इम्यून सिस्टम से बचने में सक्षम है तेजी से फैल रहा कोरोना का नया वेरिएंट फ्लर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिका में तेजी से फैल रहा नया कोविड-19 वैरिएंट 'फ़्लर्ट' इम्यून सिस्टम से बचने में सक्षम है। ऐसा दो स्पाइक प्रोटीन के बीच अमीनो एसिड के ट्रांस प्रतिस्थापन के कारण है। ये बात हेल्थ एक्सपर्ट्स ने रविवार को कही है। सीके बिड़ला अस्पताल (आर) में आंतरिक चिकित्सा के निदेशक राजीव गुप्ता के अनुसार, 'फ़्लर्ट', जो ओमिक्रॉन केसीके बिड़ला अस्पताल (आर) में आंतरिक चिकित्सा के निदेशक राजीव गुप्ता के अनुसार, 'फ़्लर्ट', जो ओमिक्रॉन के जेएन.1 वंश से संबंधित है, तेजी से अमेरिका, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और दक्षिण कोरिया में पिछले वैरिएंट एरिस की जगह ले रहा है। गुप्ता ने बताया, इन देशों में अस्पताल में भर्ती होने की दर में हालिया वृद्धि को इस वैरिएंट के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है; हालांकि, कोई बड़ी वेव पैदा नहीं हुई है। मृत्यु दर में भी कोई ख़ास अंतर नहीं है। अमेरिका की संक्रामक रोग सोसायटी के अनुसार, नाम फ़्लर्ट (एफएलआईआरटी) उनके म्यूटेशन के तकनीकी नाम पर आधारित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की इस पर नज़र है और इसने कड़ी निगरानी की सलाह दी है।सर गंगा राम अस्पताल के पीडियाट्रिक इंटेंसिविस्ट धीरेन गुप्ता के अनुसार, कोरोना के नए स्ट्रेन सामने आते रहेंगे। उन्होंने कहा, अच्छी बात ये है कि ओमिक्रॉन वंश में से कोई भी फेफड़ों को महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचाने में सक्षम नहीं है जैसा कि डेल्टा स्ट्रेन ने किया था। यह ऊपरी श्वसन पथ तक ही सीमित रहता है। लेकिन वायरस में इस बदलाव के लिए निगरानी और सतर्कता रखी जानी चाहिए।

## दर्दनाक हादसा : अज्ञात वाहन ने कार को मारी टक्कर, एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत

**जयपुर | आरएनएस**



राजस्थान के सवाई माधोपुर के बौंली थाना क्षेत्र के एक्सप्रेस-वे पर बनास पुलिया के समीप आज सुबह एक भीषण सडक़ हादसा सामने आया है। इस हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं दो मासूम बच्चे दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायल एक ही परिवार के थे और सीकर से रणथंभौर गणेश जी के दर्शन हेतु जा रहे थे। सूचना के बाद बौली थाना पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची। मृतकों में तीन महिलाएं व तीन पुरुष शामिल है। सभी कार सवार लोग एक ही परिवार के बताए जा रहे है। जानकारी के मुताबिक परिवार सीकर से रणथंभौर गणेश जी के दर्शन के लिए जा रहा था।

हादसे के शिकार हुए लोग सीकर जिले के बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहंची। इसक बाद घायलों और मृतकों को तत्काल एम्बुलेंस से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर्स ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। घायलों का उपचार शुरू कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसे के शिकार हुए लोग सीकर जिले के बताए जा रहे हैं।

## हिंदू नेताओं को जान से मारने की धमकी देने वाला मौलाना सूरत में गिरफ्तार

**सूरत | आरएनएस**

हिंदू सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा समेत अन्य हिंदू नेताओं को पाकिस्तान, नेपाल व अन्य देशों के लोगों के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी देने वाले मौलाना को सूरत क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। मौलाना को कामरेज के कठोर गांव से पकड़ा गया। उसका नाम सोहेल अबुबकर बताया गया है।

सूरत के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि सूरत क्राइम ब्रांच ने एक खुफिया सूचना के आधार पर मौलाना सोहेल अबुबकर को चौक बाजार भरीमाता फूलवाड़ी स्थित आइकरा अपॉर्टमेंट से गिरफ्तार किया। पूछताछ में मौलाना ने बताया कि वह लसकाना के डायमंड नगर में धागा काटने वाली फैक्ट्री में मैनेजर के



पद पर काम करता है और मुस्लिम बच्चों को निजी तौर पर भी इस्लाम के बारे में पढ़ाता भी है।

मौलाना से शुरुआती पूछताछ में पता चला कि वह सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के डोगर और नेपाल के इसाम के संपर्क में था। ये दोनों सोशल मीडिया के माध्यम से मौलाना से संपर्क करते थे और उसे हिंदू संगठनों के नेताओं के खिलाफ भडक़ाते थे।

मौलना अबूबकर ने अवैध तरीके से अंतरराष्ट्रीय सिम कार्ड भी हासिल किया और मोबाइल फोन में व्हाट्सएप बिजनेस सक्रिय कर हिंदू नेताओं को धमकी दे रहा था। पुलिस पूछताछ में पता चला कि मौलाना ने सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा को धमकी दी। इसके अलावा हैदराबाद के हिंदू नेता राजासिंह, सुदर्शन न्यूज चैनल के प्रधान संपादक सुरेश चौहान और भाजपा नेता नूपुर शर्मा की हत्या की साजिश रच रहा था।

मौलाना के मोबाइल से मिली चैट में पुलिस को पता चला है कि उपदेश राणा की हत्या के लिए पाकिस्तान से बंदूक मंगाने की तैयारी की जा रही थी। मौलाना ने इसे जल्द भेजने की मांग की थी। चैट में इस घटना को अंजाम देने के लिए किसी को एक करोड़ रुपये देने की भी बात की गई है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी मोहम्मद सोहेल दो समुदायों के बीच सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने के इरादे से सोशल मीडिया के माध्यम से भारत के राष्ट्रीय ध्वज के साथ छेड़छाड़ करता था और हिंदू देवी-देवताओं के बारे में अश्लील बातें करता था। उसने एक विदेशी शख्स से हथियार भी मंगवाए थे। वह पाकिस्तान, वियतनाम, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान और लाओस समेत कई देशों के लोगों के संपर्क में था। पुलिस ने मौलाना के पास एक मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस जांच में यह भी पता चला है वह अपने टारगेट का नाम बदलकर बातें करता था। उसने सूरत के उपदेश को धक्कन नाम दिया था। वह धक्कन नाम से बातचीत करता था। किसी को शक न हो, इसलिए ये लोग लूडो जैसा गेम खेलने के बहाने इक_ा होते थे। इसमें चैटिंग का भी विकल्प होता है और फिर वारदात को अंजाम देने की चर्चा करते थे।

## 25,753 स्कूली नौकरियां खत्म करने के आदेश के खिलाफ आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली | आरएनएस**



डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा 2016 में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित विवरण के अनुसार, सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई 6 मई को जारी रखेगी। पीठ में जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पिछली सुनवाई के दौरान पीठ ने 22 अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) राज्य सरकार के उन अधिकारियों के खिलाफ कोई त्वरित कार्रवाई नहीं करेगी, जो सुपर-न्यूमेरिक पदों के सृजन को मंजूरी देने में शामिल थे।

कोर्ट ने अपीलकर्ताओं से यह दिखाने के लिए कहा कि क्या राज्य के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नौकरियों की विभिन्न श्रेणियों के लिए 2016 में सूचीबद्ध सभी 25,753 व्यक्तियों की वैध नियुक्तियों को अलग करने के लिए कोई द्वितीयक सामग्री उपलब्ध थी।

गौरतलब है कि अप्रैल के तीसरे सप्ताह में अपने एक आदेश में कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिक्षकों व गैर शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया था और उन्हें चार सप्ताह के भीतर 12 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज के साथ पूरा वेतन वापस करने को कहा था।

पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) को नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देने के अलावा, न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भी मामले में जांच जारी रखने का निर्देश दिया।

## विश्व प्रसिद्ध बोधगया के महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में चोरी, बौद्ध भिक्षु का रुपए चुराते हुए वीडियो वायरल

**बोधगया | आरएनएस**



बिहार के बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर के गर्भगृह से चोरी करने का मामला सामने आया है। यह चोरी एक बौद्ध भिक्षु ने की है। बौद्ध भिक्षु की चोरी करते हुए वीडियो भी वायरल हुई है। वीडियो में बौद्ध भिक्षु मंदिर से पैसे चुराते हुए नजर आ रहा है। हैरानी की बात ये है कि भिक्षु ने चोरी के बाद भगवान बुद्ध के पैर छूकर उन्हें नमन भी किया।

बोधगया का महाबोधी मंदिर दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यहां हर साल विभिन्न देशों के लाखों बौद्ध श्रद्धालु, बौद्ध भिक्षु और विदेशी पर्यटक आते हैं। इस दौरान ये लोग महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध को नमन करके महाबोधि वृक्ष के नीचे साधना करते हैं।

गर्भगृह में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के नीचे दानपेटी रखी गई है। यहां आने वाले श्रद्धालु दानपेटी में रुपए डालते हैं। गर्भगृह में बोधगया मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा बौद्ध भिक्षुओं को देखरेख के लिए रखा गया है। वहीं गर्भगृह में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा भी लगाए गए हैं।

इसी गर्भगृह में बौद्ध भिक्षु के द्वारा दानपेटी से रुपए चोरी किए गए हैं। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि बौद्ध भिक्षु पहले दान में मिले रुपए को उठाता है और फिर अपने चीवर के अंदर रख लेता है। रुपए चोरी करने के बाद वह भगवान बुद्ध के पैर छूता है और फिर बाहर निकल जाता है। बौद्ध भिक्षु की पहचान भिक्षु धम्मिका के रूप में की गई है।

## पुंछ आतंकी हमले में सुरक्षाबलों का एक्शन, 6 लोगों को लिया हिरासत में; आतंकवादियों की मदद करने का संदेह

**पुंछ | आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना के काफिले पर हुए हमले के संबंध में पूछताछ के लिए सुरक्षाबलों ने छह स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक, इन स्थानीय लोगों पर हमले में आतंकियों की मदद करने का संदेह है। हमले में पांच जवान घायल हुए थे, जिन्हें एयरलिफ्ट कर उधमपुर के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई।

हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में शनिवार शाम 6 बजकर 15 मिनट पर हुआ। चार आतंकियों ने सनाई टॉप जा रही सुरक्षाबलों की दो गाडिय़ों पर फायरिंग की। इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था। हमले के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए। उनके हाथ में एके असॉल्ट राइफल्स थी। एयरफोर्स की स्पेशल गरुड़ फोर्स, आर्मी और जम्मू-कश्मीर पुलिस सर्च ऑपरेशन कर रही हैं। पुंछ, राजौरी-अनंतनाग लोकसभा सीट में आता है। यहां छठे फेज में 25 मई को वोटिंग है।

वायुसेना के काफिले पर हमले के पीछे के आतंकवादियों को पकडऩे के लिए अभियान दूसरे दिन भी जारी है। इसके मद्देनजर सुरक्षाबलों ने आतंकियों की मदद के शक में पूछताछ के लिए छह स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, शाहसितार, गुरसाई, सनाई और शींदरा टॉप समेत कई इलाकों में तलाशी अभियान जारी है। हमले के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए हैं, लेकिन अभी तक उनका पता नहीं चल पाया है।

## चुनाव आयोग की अनूठी पहल, 23 देशों के 75 प्रतिनिधि 'लोकतंत्र के महापर्व' को देखने पहुंचे भारत

**नई दिल्ली | आरएनएस**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के सबसे बड़े पर्व 'लोकसभा चुनाव' को देखने के लिए 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों से जुड़े हुए 75 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भारत पहुंचे हुए हैं। यह जानकारी रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दी। उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी और संतुष्टि की बात है कि हमारे निमंत्रण पर 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों से जुड़े 75 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि हमारे चुनावों को देखने के लिए यहां आए हैं।

राजीव कुमार ने कहा, लगभग दस या उससे अधिक अध्यक्ष और विभिन्न देशों के मुख्य चुनाव आयुक्तों के समकक्ष यहां मौजूद हैं। यह खुलासा करने की हमारी स्थापित नीति के अनुरूप है, मजबूत स्थिति से काम करते हुए कि हमारे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। इसलिए हम उन्हें आमंत्रित किए हैं। वे पांच शहरों और पांच राज्यों में जा रहे हैं और वे बूथों पर भी जाएंगे और देखेंगे कि भारत में लोकतांत्रिक उत्सव कैसे मनाया जा रहा है? चुनाव आयुक्त ने कहा, प्रेस वहां है, राजनीतिक दल वहां हैं, एजेंट वहां हैं इसलिए हमने उन्हें हमारी नीति पर आने और मतदान करने के लिए आमंत्रित किया हैज् यह हर किसी का अधिकार है, हर किसी की जिम्मेदारी है, इसलिए हम लोगों से बड़ी संख्या में आने की बार-बार अपील कर रहे हैं। हालांकि, दो चरणों में मतदान प्रतिशत 66 या उससे अधिक रहा है, जो एक अच्छा प्रतिशत है लेकिन निश्चित रूप से तीसरे चरण और उसके बाद के चरणों में मतदाता इसे भी पार कर जाएंगे।

चुनाव आयोग इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के आयोजन के माध्यम से लगातार अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। इसके तहत यह ऐसा पहला आयोजन होगा, जिसमें 23 देशों अर्थात – भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मालदीव, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया से विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 प्रतिनिधि भाग लेंगे।